हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 29 मार्च 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

Faculty of Information Technology & Computer Science

Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Undergraduate
- **BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning**
- **B.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Bachelor of Animation & VFX**

Postgraduate
- **MCA** • **M.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Master of Data Science** • **PGDCA**
- **Master of Animation & VFX**

Diploma
- **Diploma in Computer Applications (DCA)**

New-Age Specialisations
- **BCA in Game Development with AI** in collaboration with Hi TECH ANIMATION

Powered by Industry Experts
- **In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education**
- **Industry-designed AI & ML curriculum**
- **Practical learning with advanced labs**

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)

TechnoViz AUTOMATION — for Industrial Internet of Things (IIoT)
GODAWARI -eblu — for Research and Training on Electric Vehicles
IBM Innovation Centre for Education — for B.Tech CS in AI & ML
JUSTAUTO — for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
BDS EDUCATION — for Robotics, Coding, and Drones
Proud to say IamSMEofIndia — for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
BOSCH — for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

Top Recruiters
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

swarnimaera@gmail.com
www.swarnimaera.com

Follow us

SWARNIMA ERA
Add more to life

# हर उम्र के लिए सुकून, हर पल एक उत्सव

ज़िन्दगी में कुछ अच्छा जोड़िये। सेहत, सुकून, शांति से जुड़िए।

## कुछ कहती है प्रकृति

स्वर्णिमा एरा टाउनशिप में "Nature Theme" पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

रविवार, 29 मार्च 2026 | समय: शाम 4:30 बजे

सपरिवार पधारें



एक शानदार जीवन के लिए thoughtfully designed गार्डन अमेनिटीज़



### चिल्ड्रन प्ले एरिया

बच्चों के लिए बाहरी खेल उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। यह शारीरिक मजबूती, मानसिक रचनात्मकता, बेहतर नींद और सामाजिक कौशल को बढ़ावा देते हैं। बाहर खेलने से बच्चों में आत्मविश्वास, प्रकृति के प्रति प्रेम, मोटापा कम होने और इम्युनिटी मजबूत होने जैसे फायदे मिलते हैं।

### जॉगिंग ट्रैक / पाथवे एन्ड ओपन जिम

सुबह की वॉक हो या खुले आसमान के नीचे वर्कआउट, यह स्पेस आपके शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने में मदद करती है। नियमित एक्सरसाइज़ से फिटनेस बेहतर होती है, स्टैमिना बढ़ता है और दिनभर एनर्जी बनी रहती है, साथ ही आपको मिलता है सुकून और सकारात्मकता का एहसास।

### वाटरफॉल्स एन्ड गार्डन फॉउन्टेंस

प्रकृति के झरनों जैसा अनुभव देने वाले वॉटरफॉल्स और गार्डन फॉउन्टेंस हर पल को खास बना देते हैं। शांतिपूर्ण वातावरण, बहते पानी की मधुर आवाज मानसिक शांति देती है और बाहरी शोर-शराबे को दबाकर सुकून भरा वातावरण बनाती है। यह पक्षियों को आकर्षित करने, प्राकृतिक नमी बनाए रखने और वास्तु के अनुसार सकारात्मक ऊर्जा लाने में सहायक होती है।

### नाइट लाइट एम्बियंस

रात के समय सजी खूबसूरत लाइटिंग पूरे गार्डन को एक जादुई माहौल में बदल देती है, जहां हर कोना सॉफ्ट रोशनी में नहाया हुआ नजर आता है। हल्की-हल्की जगमगाहट, पेड़ों और पाथवे पर पड़ती रोशनी, और शांत वातावरण मिलकर एक बेहद सुकूनभरा अनुभव देते हैं। यह एम्बियंस आपकी शामों को सिर्फ यादगार ही नहीं, बल्कि खास बना देता है

**2, 3 & 4 BHK** Stylish Independent Bungalows

**30+ MODERN** Lifestyle Amenities

बहते पानी की मधुर आवाज मन को शांति देती है और तनाव को कम करती है। खुले गार्डन्स और नेचुरल स्पेस शरीर को फिट और एक्टिव बनाए रखते हैं। यह वातावरण बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और बेहतर विकास को बढ़ावा देता है।

*- प्रकृति एवं हरियाली पर शोध के अनुसार*

“ जबसे मैंने स्वर्णिमा एरा में घर लिया है, हमारी पूरी फैमिली यहां की हरियाली को एंजॉय कर रही है। यहां हम गार्डन्स में समय बिताते हैं, ग्रीन लैंडस्केप्स में वॉक करना, सुबह ओपन जिम का उपयोग करना, और रात में वॉटरफॉल्स के बीच बैठकर बातचीत करना, ये सब हमारे मन को सुकून और शांति देता है। साथ ही, हमें बहुत स्ट्रेस-फ्री महसूस होता है। ”

**कमलेश कुमार गुप्ता,** हाउस नं.- D2/166, स्वर्णिमा एरा

Conceptualized By AdPRAYAS

REGISTER YOUR INTEREST NOW

Scan this QR code for Location

Site address:
SWARNIMA ERA,
BESIDE GEETANJALI CITY
PHASE 2, BAHTARAI ROAD,
BILASPUR (C.G.)

For more info

**97557 93333, 97552 93333**

Rera no.
PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 29 मार्च 2026



तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

6 पछुआ विक्षोभ का प्रभावः धूल भरी आंधी के साथ बारिश



## खबर संक्षेप

### बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ




**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर द्वारा बीएससी नर्सिंग में प्रवेश परीक्षा के लिए छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल के संदर्भ में अवगत कराया गया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 27 मार्च एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल सोमवार तक है, त्रुटि सुधार 28 से 30 अप्रैल सायं 5 बजे तक किया जा सकता है। बीएससी नर्सिंग के लिए प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 11 जून गुरूवार एवं समय पूर्वान्ह 10 से 12:15 बजे तक आयोजित कि जाएगी। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। जानकारी के लिए नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग केनापारा बैकुंठपुर- पोंड़ी (बचरा) रोड, स्थित संस्था के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### निर्मल नीर सामुदायिक कूप का निर्माण

**अनूपपुर।** जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटोला बरसोत के ग्राम फरीसेमर की बैगा बस्ती में निर्मल नीर सामुदायिक कूप का निर्माण कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान ही कूप में जल स्त्रोत मिलने से वर्तमान में लगभग 15 फीट तक पानी उपलब्ध हो चुका है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। यह कूप क्षेत्र में पेयजल की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जनपद पंचायत के एपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सामुदायिक कूप के निर्माण से आसपास के लगभग 50 परिवारों को सीधे लाभ मिलेगा और वे इस कूप से पानी का उपयोग कर सकेंगे, इससे न केवल जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि ग्रामीणों को दूर-दूर तक पानी लाने की परेशानी से भी राहत मिलेगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्ची की मौत

**अंबिकापुर।** शुक्रवार की शाम मौसम में हुए बदलाव व तेज आंधी बारिश के दौरान गाज की चपेट में आने से एक बालिका की मौत हो गई। नाबालिग बारिश के दौरान पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थी। इस मामले में लुंड्रा पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत चलगली बकनाकला निवासी 13 वर्षीया सनमतिया आ. मटन राम 27 मार्च को मवेशी चराने के लिए गांव के समीप गई हुई थी। इस दौरान शाम लगभग 5 बजे तेज आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए बच्ची एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थी। गरज चमक के साथ हो रही बारिश के बीच पेड़ के नीचे खड़ी बच्ची पर ही आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान उसकी सहेलियां भी कुछ दूरी पर खड़ी थी। उन्होंने घटना की सूचना ग्रामीणों और बच्ची के परिजन को दी जब तक परिजन मौके पर पहुंचे बच्ची की मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी लुंड्रा प्रदीप जायसवाल ने बताया कि आकाशीय बिजली से बच्ची की मौत के मामले में मर्ग कायम किया गया है।

### राष्ट्रीय नेटबॉल स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा जिले की बेटियों ने 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आयोजित की गई, जहां छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने जुझारू खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सेमीफाइनल में पंजाब के खिलाफ 24-17 से हार मिलने के बावजूद टीम ने हिम्मत नहीं हारी। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम ने बेहद कड़े संघर्ष के बाद पांडीचेरी को पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में सरगुजा जिले से बालिका वर्ग में सिमरन भगत एवं रुद्राक्षी जैन का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ था। सिमरन माउंट लिट्रा जी स्कूल एवं रुद्राक्षी मोंटफोर्ट स्कूल अंबिकापुर में अध्यनरत है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। संघ के सचिव रजत सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों का नियमित अभ्यास गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में कराया जाता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन प्रदेश टीम में हुआ था।

## बिना इंश्योरेंस वाहन चलाना पड़ेगा महंगा, कटेगा ई चालान

# कोरिया में जगह-जगह लगेंगे हाईटेक कैमरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अब कोरिया जिले की सड़कों पर ट्रैफिक नियम तोड़ना आसान नहीं होगा। कोरिया जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक सख्त व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से 6 प्रमुख स्थानों पर अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाने की तैयारियां शुरु हो र्ग हैं।

इन कैमरों के जरिए वाहनों की ऑटोमैटिक स्कैनिंग होगी और बिना इंश्योरेंस, नियमों का उल्लंघन या अन्य दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर सीधे ई-चालान कटेगा। कैमरे वाहन नंबर प्लेट को स्कैन करेंगे, जिसके आधार पर वाहन का इंश्योरेंस, पंजीयन, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य जानकारियां ऑनलाइन जांची जाएंगी। नियमों के विपरीत पाए जाने पर वाहन चालक के मोबाइल नंबर पर ई-चालान की सूचना स्वतः भेज दी जाएगी।

**ई चालान में भारी भरकम राशिः** अब बिना वैध इंश्योरेंस सड़क पर वाहन चलाना महंगा साबित होगा। कैमरे की पकड़ में आते ही चालान कटेगा, जिससे वाहन चालकों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। प्रशासन का मानना है कि इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोग नियमों का पालन करने के लिए मजबूर होंगे।

### सुरक्षा और अनुशासन की दिशा में बड़ा कदम

यातायात विभाग के अनुसार कैमरे ऐसे स्थानों पर लगाए जाएंगे जहां ट्रैफिक दबाव अधिक रहता है और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें लगातार मिलती रही हैं। इस पहल से मानव हस्तक्षेप कम होगा, भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। पुलिस प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन के सभी दस्तावेज दुरूस्त रखें, विशेष रूप से इंश्योरेंस, ताकि अनावश्यक चालान से बचा जा सके। कुल मिलाकर कोरिया जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को हाईटेक बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### चालकों के लिए नई परेशानी

टोल प्लाजा से निकलते ही मोबाइल पर पहुंच रहा ई-चालान का मैसेज अब सड़क पर वाहन चलाना पहले से ज्यादा सतर्कता मांग रहा है। टोल प्लाजा पार करते ही कई वाहन चालकों के मोबाइल पर ई-चालान का मैसेज पहुंच रहा है, जिससे चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन एएनपीआर कैमरों और टोल प्लाजा पर लगे हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों के माध्यम से वाहनों की जांच की जा रही है। जैसे ही कोई वाहन बिना बीमा, बिना फिटनेस, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र या नियमों के उल्लंघन के पाया जाता है, तुरंत ई-चालान जनरेट होकर वाहन मालिक के मोबाइल नंबर पर भेज दिया जा रहा है। कई चालकों का कहना है कि उन्हें चालान की जानकारी टोल प्लाजा से कुछ ही मिनटों में मिल जा रही है। वहीं कुछ मामलों में पुराने दस्तावेज अपडेट नहीं होने के कारण भी चालान कटने की शिकायत सामने आ रही है। यातायात विभाग के अनुसार यह व्यवस्था सड़क सुरक्षा बढ़ाने और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई है। विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, फिटनेस और वैध दस्तावेज हमेशा अपडेट रखें, ताकि अनावश्यक चालान से बचा जा सके। इस नई व्यवस्था के बाद यह साफ है कि अब नियमों की अनदेखी करना वाहन चालकों को महंगा पड़ सकता है।



सपरिवार पीएम से मिलते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

## बिटिया की शादी का न्यौता देने सपरिवार पीएम मोदी के पास पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ इंदौर के पायलट संग 26 को सात फेरे लेंगी बिटिया

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल अपनी लाडली बिटिया डॉ.कंचन जायसवाल के विवाह के इस पावन अवसर को और भी यादगार बनाने के लिए उन्होंने देश के प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी से दिल्ली स्थित संसद भवन में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने सपरिवार प्रधानमंत्री को विवाह समारोह का निमंत्रण पत्र सौंपा और अपनी बिटिया के उज्जवल भविष्य के लिए उनका आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि एक पिता के लिए अपनी बेटी का कन्यादान सबसे बड़ा अनुष्ठान होता है। इसी भाव के साथ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल अपनी पत्नी कांति जायसवाल, बेटी डॉ. कंचन जायसवाल और दोनों बेटे उत्तम जायसवाल और अमित जायसवाल के साथ प्रधानमंत्री के समक्ष उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेहद सरलता और आत्मीयता के साथ जायसवाल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने बिटिया कंचन के सिर पर हाथ रखकर उसे आशीर्वाद दिया और वैवाहिक जीवन की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री के इस सहज और अपनत्व भरे व्यवहार ने पूरे जायसवाल परिवार को भाव-विभोर कर दिया। मंत्री श्री जायसवाल की सुपुत्री डॉ.कंचन जायसवाल का रिश्ता इंदौर के रहने वाले एक पायलट के साथ तय हुआ है। विवाह की तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गई है। इस हाई-प्रोफाइल शादी में छग और मध्यप्रदेश की ⏭ शेष पेज 4 पर

## आईजी ने किया केन्द्रीय विद्यालय का दौरा




**बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के महानिरीक्षक एवं 1998 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी नरेन्द्र बुंदेला ने 28 मार्च को केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर का भ्रमण किया।

इस दौरान उनके साथ एसईसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा भी उपस्थित रहे। श्री बुंदेला इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 1984 से 1987 तक कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई यहीं से की थी। अपने दौरे के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर का अवलोकन कर अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा किया और विभिन्न स्थानों की तस्वीरें लेकर अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर श्री झा ने विद्यालय में चल रहे मरम्मत कार्यों एवं एसईसीएल द्वारा किए जा रहे विकासात्मक प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं श्री बुंदेला ने शिक्षकों से संवाद करते हुए वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में आ रही चुनौतियों पर अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। उन्होंने विद्यालय के हरित वातावरण की सराहना करते हुए अपनी शैक्षिक यात्रा के अनुभव भी साझा किए। विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ ने श्री बुंदेला की सादगी और सहृदयता की प्रशंसा की तथा एसईसीएल द्वारा चल रहे मरम्मत कार्यों के लिए श्री झा का आभार व्यक्त किया।

### फांसी लगाने से गंभीर युवती की मौत

**अम्बिकापुर।** युवती ने अज्ञात कारण से घर के कमरे में दुपट्टा से फांसी लगा लिया। रघुनाथनपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सुमेरपुर चेन्द्रा निवासी हेमा पटेल आ. प्रमोद पटेल (21 वर्ष) 24 मार्च को घर में अकेली थी जबकि परिवार के लोग घर के बाहर काम कर रहे थे। इसी दौरान जब पिता अंदर गया तो देखा बेटी हेमा दुपट्टा के सहारे फांसी में लटकी थी। पिता ने शोर मचाते हुए किसी तरह दुपट्टा को काट बेटी को नीचे उतारा और तत्काल निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बीती रात युवती की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कार्रवाईः अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

■ पुलिस टीम ने रात्रि में छिडमिडी-भाद मार्ग पर की नाकाबंदी

जिले के भालूमाड़ा थाना पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस टीम ने रात्रि में छिडमिडी-भाद मार्ग पर नाकाबंदी कर यह कार्रवाई की।

पुलिस द्वारा जांच के दौरान एक बिना नंबर का नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर रोका गया, जिसकी ट्रॉली में लगभग 3 घन मीटर अवैध रेत भरी हुई थी। पूछताछ में चालक रामपाल चंद्रा उम्र 26 वर्ष निवासी लोहारी थाना मरवाही, जिला जीपीएम छग ने बिना ट्रांजिट पास (टीपी) के सोन नदी के शिव घाट बरौर से रेत लाकर भाद गांव ले जाना स्वीकार किया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी दौरान पुलिस ने एक अन्य ट्रैक्टर (क्रमांक सीजी 31 बी 7537) को भी रोका, जिसमें करीब 3 घन मीटर अवैध रेत पाई गई। चालक भुवनेश्वर सिंह पाव उम्र 26 वर्ष निवासी लोहारी थाना मरवाही बिना टीपी के रेत परिवहन करते हुए पाया गया। पुलिस ने वाहन एवं रेत को जब्त कर उसके विरूद्ध भी समान धाराओं में मामला दर्ज किया है।

पुलिस द्वारा दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कुल 6 घन मीटर अवैध रेत जब्त की गई है। साथ ही वाहन मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कायाकल्प योजना से बदली सोनहत स्वास्थ्य केन्द्र की तस्वीर

■ ग्रामीणों को मिल रही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं



**सोनहत।** जिले के सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ने कायाकल्प योजना के तहत उल्लेखनीय बदलाव हासिल किया है, जो अस्पताल कभी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा था, आज वह अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से लैस होकर आसपास के हजारों ग्रामीणों के लिए भरोसेमंद चिकित्सा केन्द्र बन चुका है। स्वास्थ्य केन्द्र में अब कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं, इनमें सोनोग्राफी सुविधा (प्रत्येक शुक्रवार): गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को अब जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय पर निदान संभव हो रहा है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### साइकिल से गिरे वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** साइकिल से घर लौट रहा वृद्ध रास्ते में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कापू थाना अंतर्गत ग्राम पखनाकोट निवासी भीम आ. स्व. जगमा (65 वर्ष) 20 मार्च को किसी काम के सिलसिले में साइकिल से धरमजगढ़ गया था। दोपहर बाद वापस घर लौटने लगा और जैसे ही कापू क्षेत्र में पहुंचा तभी रात लगभग 8.30 बजे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्ध को घर लेकर आ गए। दूसरे दिन वृद्ध की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बीती रात वृद्ध की मौत हो गई।

## रामगढ़ पर्यटन स्थल का छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के हिंदी विभाग द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत सरगुजा जिले के प्रसिद्ध रामगढ़ पर्यटन स्थल का सामाजिक एवं शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने प्रातः 8 बजे छात्राओं एवं स्टाफ से भरी बस को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के दौरान छात्राओं ने अंताक्षरी, गीत-भजन प्रतियोगिता के माध्यम से मनोरंजन करते हुए सफर का आनंद लिया। रास्ते में प्राकृतिक सौंदर्य ने सभी का मन मोह लिया। लगभग 10 बजे दल रामगढ़ स्थित रामवनगमन मार्ग कॉटेज पहुंचा। रामनवमी के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और मेले जैसा वातावरण देखने को मिला। जलपान के बाद छात्राओं का दल पैदल सीता बेंगरा और हाथी गुफा के लिए रवाना हुआ। हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती कनकलता पैकरा के निर्देशन में छात्राओं ने एशिया की प्राचीनतम खुली नाट्यशाला सीता बेंगरा का अवलोकन किया। जनश्रुति के अनुसार महान संस्कृत कवि कालिदास ने यहीं मेघदूत की रचना की थी, इसके पश्चात दल ने दुर्गा गुफा, सीता कुंड, चंदन माटी एवं कुमारी माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। लगभग 4 किमी के पैदल मार्ग में जगह-जगह जलपान एवं भंडारे की व्यवस्था देखने को मिली, जिससे छात्राओं ने यात्रा के साथ सेवा भाव का भी अनुभव किया। कठिन चढ़ाई के बावजूद छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पर्वत की चोटी तक पहुंचकर अद्भुत प्राकृतिक दृश्य का आनंद लिया। शैक्षणिक भ्रमण में वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक वरूण कुमार कुशवाहा, हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, खेल अधिकारी चंदन सिंह पटेल, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, श्रीमती पूनम, भागवत प्रसाद साहू एवं सुश्री खुशबू सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सीएम ने अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए निर्देश

# पेट्रोलियम और गैस की पर्याप्त उपलब्धता, राज्य सरकार सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों और एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों से चर्चा कर जिलेवार स्थिति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए आम नागरिकों को किसी भी तरह से घबराने या किसी भी प्रकार की अफवाह या दुष्प्रचार से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अनावश्यक रूप से ईंधन या गैस का संग्रहण न करने की अपील भी की। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि जिला खाद्य विभाग द्वारा प्रतिदिन स्टॉक और वितरण की निगरानी की जा रही है। अवैध भंडारण और दुरूपयोग रोकने के लिए नियमित जांच और छापेमारी की जा रही है। किसी भी अनियमितता पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। एलपीजी उपभोक्ताओं को निर्धारित अंतराल के ⏭ शेष पेज 4 पर

### कालाबाजारी करने वालों की खैर नहीं

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने चेतावनी दी कि परिस्थिति का लाभ उठाकर जमाखोरी या कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला व पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने कहा कि किसी भी तरह की कालाबाजारी, जमाखोरी की सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी या व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी गैस एजेंसियों और उचित मूल्य दुकानों को निर्देश दिए हैं कि वे उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराएं और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करें। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें और आवश्यक वस्तुओं का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि सभी को समान रूप से लाभ मिल सके। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




## सरगुजा ओलंपिक में एमसीबी का शानदार प्रदर्शन

**मनेन्द्रगढ़।** संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक में एमसीबी जिले के खिलाड़ियों ने ऐसा दमदार प्रदर्शन किया कि पूरा संभाग उनके उत्कृष्ट खेल कौशल का साक्षी बन गया। 21 से 23 मार्च तक अंबिकापुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एमसीबी ने 8 स्वर्ण, 14 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 26 पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय पहलवान गीता फोगाट की प्रेरक उपस्थिति ने खिलाड़ियों में जोश और आत्मविश्वास का संचार किया। वहीं समापन समारोह में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर भाइचुंग भूटिया की मौजूदगी ने आयोजन को गौरवशाली आयाम प्रदान किया। एमसीबी के खिलाड़ियों ने ट्रैक एंड फील्ड से लेकर कुश्ती, कराते और कबड्डी तक हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। 100 मीटर दौड़ में टी. होमेश्वर राव की तेज रफ्तार, भाला फेंक में कु. अनिता सिंह की सटीकता, ऊंची कूद में आनंद कुमार की उड़ान, कराते में कुमारी आराधना मार्को का जुझारूपन और 62 किलोग्राम कुश्ती में सीमा सिंह की ताकत ने स्वर्णिम सफलता की कहानी लिखी।



# इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।'मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।


## लाइफ Style

# आरती
## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।




## हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।




# 2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवाड्र्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



# खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।



# शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

**मुंबई।** कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

## टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।'इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

## ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग

नई दिल्ली। दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।



# मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी

**मुंबई।** 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।



# इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

### ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।



### डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री BTS के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापति 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

### कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

# ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

**नई दिल्ली।** कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

### प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे श्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़,रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।

### आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

## प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़

### शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़,जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।



### सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

### रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

### रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

**विजय :** विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़,बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्साल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

**रणबीर कपूर:** रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

**ऋतिक रोशन:** ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़,काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

**जूनियर एनटीआर:** जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आरआरआर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।

## खबर संक्षेप

### पड़ोसी ने मां-बेटी को दी जान से मारने की धमकी, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी ने मां-बेटी पर झुपने तथा पागल कहते हुए न सिर्फ गाली गलौज की बल्कि दोनों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी पड़ोसी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम सिवारी पारा निवासी कांति देवी पति शिव कुमार (38 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 मार्च की शाम लगभग 6-7 बजे बेटी अंजली के साथ घर में थी तभी पड़ोसी प्रभा, राजकुमारी, कन्हैया व राजू अपने घर के सामने खड़ा होकर गाली गलौज करते हुए पागल होने तथा झुपने की बात को लेकर विवाद करना शुरू कर दिया। साथ ही दोनों को जान से मार देने की धमकी दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पड़ोसी के विरूद्ध धारा 296(बी), 351(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### अवैध प्लाटिंग को रोकने जिला स्तरीय समिति का गठन

**बलरामपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नया रायपुर के निर्देशानुसार जिलों में अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिले में अवैध प्लाटिंग के समुचित कार्यवाही करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायत सीईओ सदस्य होंगे। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को समन्वय स्थापित करते हुए अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

## तीन दिन की बंदी के बाद आगंतुकों की संख्या में आई भारी कमी

# पर्यटकों के लिए खोली गई संजय वन वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हिरणों की मौत के बाद तीन दिनों तक बंद रखने के बाद विभाग ने अब संजय वन वाटिका को पर्यटकों के लिए खोल दिया है। लगातार तीन दिनों तक बंद रहने के कारण अभी भी वाटिका में मायूसी छायी है तथा पर्यटकों की संख्या में बेतहाशा कमी आई है।

**खास बात**

- सुरक्षा के लिए बाड़े में लगाई जा रही टीन की चादर

संजय वन वाटिका स्थित हिरणों के बाड़े में 20 मार्च की रात पिछले हिस्से से आवारा कुत्ते घुस गए थे तथा हमला कर 15 हिरणों को मार दिया था। पहली बार हुई इस तरह की घटना से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। मामले में वाटिका में तैनात वनकर्मियों की लापरवाही उजागर होने पर अधिकारियों ने डिप्टी रेंजर सहित पांच वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। साथ ही आवश्यक सुधार के लिए वाटिका को तीन दिनों के लिए बंद कर दिया था। इस अप्रत्याशित घटना को लेकर विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी तरह-तरह के सवाल उठे। वाटिका का सुधार कार्य पूरा होने के उपरांत गुरूवार को इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। विभाग ने वाटिका के प्रबंधन से पूर्व में ही वन प्रबंधन समिति को पृथक कर दिया है था। अब वाटिका के प्रबंधन की जिम्मेदारी विभाग के दो अन्य कर्मचारियों को सौंपी गई है जबकि पार्क की साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों में पूर्व के मजदूरों को ही नियोजित किया गया है। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए वन्य जीवों के बाड़े में जीआई तार की जाली के निचले हिस्से में टीन की चादर लगाई जा रही है। वाटिका की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से भविष्य में बाउण्ड्री की ऊंचाई बढ़ाने एवं वाटिका के पिछले हिस्से में पक्की बाउण्ड्री का निर्माण करने की योजना है। विभाग द्वारा वाटिका के पिछले हिस्से में भी तार की जाली के साथ टीन की चादर लगाई गई है। वाटिका के पास मौजूद आवारा कुत्तों को पकड़ने विभाग ने ननि प्रशासन से भी आवश्यक कार्रवाई करने की पहल की है।



सूनी संजय वनवाटिका।

### हिरणों को खुले जंगल में छोड़ने की तैयारी

विभाग द्वारा संजय वन वाटिका में संचालित रेस्क्यू सेंटर को जू अथॉरिटी की मान्यता नहीं होने संबंधी सवाल उठने के बाद विभाग ने वाटिका में बचे 16 हिरणों को खुले जंगल में छोड़ने की योजना बनाई है। हिरणों को खुले जंगल में छोड़ने की प्रक्रिया काफी लंबी है। इसके लिए पशु चिकित्सक हर हिरण की स्वास्थ्य जांच कर उसके पूरी तरह स्वस्थ होने तथा खुले जंगल में उसके विचरण करने योग्य होने का प्रमाण पत्र देते हैं जिसके बाद आवश्यकता के अनुरूप उन्हें टाइगर रिजर्व एवं अभ्यारण्यों के संरक्षित जंगलों में सुरक्षित छोड़ने की प्रक्रिया की जाती है। इस कार्य में तीन-चार महीने का समय लगने की संभावना है। विभाग वाटिका में निवासरत दो नीलगाय, एक दर्जन से अधिक मोर सहित अन्य पशु-पक्षियों को भी जंगल में छोड़ेगा।

### विकसित होगा इको पार्क

संजय वन वाटिका में रेस्क्यू सेंटर का संचालन होगा अथवा नहीं फिलहाल इसका निर्णय नहीं हो सका है। ऐसे में विभाग ने वाटिका के सभी वन्यजीवों को आजाद करने के साथ ही वाटिका को पूर्व की तरह इको पार्क विकसित करने का निर्णय लिया है। इको पार्क में पूर्व की तहर ट्वाय ट्रेन, झूला सहित मनोरंजन के अन्य साधन विकसित करने की योजना है। रेस्क्यू सेंटर का मामला नीतिगत होने के कारण उच्चस्तरीय जांच दल की रिपोर्ट पर विभाग निर्णय लेगा। रेस्क्यू सेंटर खोलने के लिए अब विभाग को जू अथॉरिटी अनुमति भी लेनी होगी। हालाकि वन्य जीवों के घायल होने की घटनाएं आए दिन होती है। वन अधिकारी घायल वन्य जीवों की देखरेख की व्यवस्था कहां करेंगे इस संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

### वन्य जीवों को छोड़ेंगे जंगल में

संजय वन वाटिका के हिरणों सहित अन्य वन्य जीवों को संरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए वाटिका के बाड़े में आवश्यक सुधार किया जा रहा है। रेस्क्यू सेंटर के संबंध में उच्च स्तरीय जांच दल की रिपोर्ट पर विभाग निर्णय लेगा।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा

# युवक की पिकअप से नहीं बल्कि कार की टक्कर से हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

लुचकी घाट के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी जबकि मृतक का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में पिकअप की टक्कर से मौत हो जाने की बात सामने आई थी लेकिन गत दिन आईसीयू से छुट्टी होने पर घायल ने बताया कि पिकअप से नहीं बल्कि सफेद रंग की कार की चपेट में आने से उसके साथी की मौत हुई थी। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम सेदम निवासी ईश्वर साहू आ. हरिशचंद्र साहू (35 वर्ष) 21 मार्च को किसी काम के सिलसिले में सेदम उरांव पारा निवासी सोने लाल आ. घूरा (23 वर्ष) के साथ बाइक से शहर आए थे। दोपहर को दोनों बाइक क्रमांक सीजी 14 एमटी 1939 से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार लुचकी घाट पर पहुंचे तभी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण प्रशासन ने बड़े वाहनों को रोक दिया था, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई थी। मार्ग संकरा हो गया था। इसी बीच सेदम की ओर जा रहे बाइक में सवार 2 युवक पीछे से आ रहे ट्रक को साइड देने के दौरान असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और सीधे गिरे हुए युवकों को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया जिससे बाइक के पीछे बैठे ईश्वर साहू की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक सोनेलाल (23 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जो आईसीयू से छुट्टी होने पर घर पहुंचा और बताया कि दुर्घटना में सफेद कार ने ईश्वर को कुचलते हुए फरार हो गया था।






# स्कूल की भूमि पर अवैध अतिक्रमण, जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

स्कूल की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के उद्देश्य से झाड़ियों की साफ-सफाई व भूमि को समतल कराने के मामले में एसडीएम ने एक जेसीबी को जब्त किया है।

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम बबौली स्थित शासकीय शाला की भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने के उद्देश्य से गांव का कामेश्वर यादव झाड़ियों की साफ-सफाई एवं भूमि का समतलीकरण करा रहा था। गांव के किसी व्यक्ति ने तत्काल एसडीएम को घटना की जानकारी देकर अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की। सूचना मिलते ही एसडीएम ने थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची तथा पूछताछ करने लगी तो आरोपी ने तत्काल काम बंद कर दिया तथा अतिक्रमण नहीं करने का भरोसा देकर पुलिस अमले को वापस भेज दिया तथा पुलिस के हटते ही जेसीबी से भूमि का समतलीकरण कराने लगा।

अतिक्रमणकारी द्वारा मनमानी करने की सूचना पर एसडीएम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा समतलीकरण कर रहे जेसीबी को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसडीएम की सख्ती के बाद अवैध अतिक्रमण पर रोक लगी। पुलिस ने जब्त जेसीबी को थाना परिसर में खड़ा कराया है। जेसीबी विनायकपुर निवासी विवेक यादव की बताई जा रही है।

## कुएं में मिला 6 दिन से लापता वृद्ध का शव

**शंकरगढ़।** ग्राम दोहना में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब एक कुएं में एक वृद्ध का शव मिला। बताया जा रहा है कि मृतक पिछले छह दिनों से लापता था और परिजन सहित गांव के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम दाहना निवासी वृद्ध सुंदरा लकड़ा छह दिन पूर्व घर से निकला था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। वृद्ध के घर वापस नहीं आने पर परिजन सहित गांव के लोग लगातार वृद्ध की तलाश कर रहे थे लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी वृद्ध का कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे कुछ लोग जब कुआं के पास गए तो पानी में शव नजर आया। इधर कुएं में शव होने की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में गांव के लोग मौके पर एकत्र हो गए साथ ही तत्काल घटना की सूचना शंकरगढ़ पुलिस को दी। गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से शव का बाहर निकाल शिनाख्त कराया तो शव पिछले छह दिनों से लापता सुंदरा के रूप में की गई।





## खबर संक्षेप

### फाउंडेशन टीम ने स्वास्थ्य मंत्री से की भेंट



**अम्बिकापुर।** सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके निवास पर भेंट की तथा पॉलिटेक्निक कालेज में 10 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाली सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट के विषय में जानकारी दी। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की तैयारियों, आयोजन के उद्देश्य तथा देशभर से आने वाले खिलाड़ियों के बारे में उन्हें अवगत कराया साथ ही आयोजन के लिए उनसे मार्गदर्शन लिया। इस दौरान सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष सुजित जायसवाल, आयोजन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ मनियन, सचिव शेषरतन जायसवाल, अंतरराष्ट्रीय शतरंज निर्णायक अनीस अंसारी उपस्थित थे।

### दुर्घटनाएं रोकने गौरवपथ पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

अम्बिकापुर। रामानुज वार्ड क्रमांक 33 की पार्षद कुमारी मेघा खांडेलकर के नेतृत्व में वार्डवासियों ने ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंप बाबूपारा स्थित गौरवपथ में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्पीडब्रेकर बनाने के साथ ही संकेतक लगाने की मांग की है। वार्डवासियों ने बताया कि गौरवपथ पर प्रतीक्षा बस स्टैण्ड सहित राजमोहिनी देवी कन्या पीजी कॉलेज लम्बे समय से संचालित है जबकि कुछ दिनों से ननि कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। मार्ग से लोग तेज रफ्तार वाहनों से आवागमन करते हैं जिससे दुर्घटनाएं होने का भय बना रहता है। वार्डवासियों ने चिन्हित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने एवं संकेतक लगाने की मांग की है।

### जनजातीय गर्जना महारैली की तैयारियों को लेकर बैठक

**अम्बिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा "चलो दिल्ली अभियान" को सफल बनाने के उद्देश्य से उरांव सामाजिक भवन पटेलपारा में समीक्षा बैठक कर डीलिस्टिंग कानून को लेकर गांव-गांव में जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया किया। बैठक में बीरबल सिंह ने कहा कि धर्मांतरण के कारण जनजातीय समाज की मूल पहचान, परंपरा और अधिकारों पर संकट उत्पन्न हो रहा है। इसलिए डीलिस्टिंग कानून बनना समय की मांग है। दिल्ली में आयोजित होने वाली जनजातीय गर्जना महारैली इस विषय को राष्ट्रीय स्तर उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव और टोला-टोला जाकर समाज के प्रत्येक परिवार से संपर्क करें तथा लोगों को दिल्ली महारैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, ताकि जनजातीय समाज की आवाज देश की राजधानी तक मजबूती से पहुंच सके। बैठक में गांव-गांव व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।



# अष्टमी को खुले माता के पट, नवमीं को विसर्जन

हरिभूमि न्यूज. नगर



ग्राम पंचायत नगर के हनुमान मंदिर प्रांगण में बोए गए जवारे का अष्टमी को पट खुला व नवमी को धूमधाम से विर्सजन किया गया। ग्राम नगर के हनुमान मंदिर वर्षों से चली आ रही ज्वारा पूजा की परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी हनुमान सेवा समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से जवारा पूजा का बृहद आयोजन किया। इस दौरान अष्टमी को पट खुलते ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शन के लिए एकत्र हुए। आयोजन में लगातार भंडारे व जस गीतों का क्रम चलता रहा। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य ने भी सहभागिता दिखाई। कन्या भोजन हवन-पूजन अनुष्ठान के बाद माता की झॉकी को ग्राम देवालय में पूजन के बाद स्थानीय तालाब में विधिवत विर्सजन किया गया। इस दौरान हनुमान सेवा समिति, संकट मोचन सेवा समिति व गणेश पूजा समिति पहाड़पारा के सदस्यों विशेष योगदान रहा।

# पछुआ विक्षोभ का प्रभावः धूल भरी आंधी के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव के कारण शुक्रवार को शाम 4 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार धूल भरी आंधी चली तथा गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक मौसम के प्रतिकूल रहने एवं तेज रफ्तार आंधी के साथ बौछारे गिरने एवं कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

वर्तमान में उत्तर भारत में लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। पूर्व में सक्रिय विक्षोभ का प्रभाव अभी खत्म भी नहीं हुआ है कि गुरूवार को एक नया ताकतवर विक्षोभ सक्रिय हो गया है जबकि एक अन्य पछुआ विक्षोभ के शुक्रवार को देर रात तक सक्रिय होने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिम बंग्लादेश, उत्तर-पश्चिम बिहार, मणिपुर आसाम में चक्रवाती परिसंचरण वहीं मराठवाड़ा से कर्नाटक तक द्रोणिका सक्रिय है। एक साथ अनेक मौसमी घटकों के सक्रिय होने के कारण खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है। मौसम विज्ञानी मौसमी घटकों के आगामी दो दिन तक प्रभावी रहने एवं तेज रफ्तार आंधी के साथ बारिश होने एवं कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण शुक्रवार को शाम 4बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही शहर में अंधेरा छा गया। इस दौरान तेज रफ्तार धूल भरी आंधी चली तथा गरज-चमक के साथ 10 मिनट तक वर्षा हुई। बारिश बंद होते ही मौसम साफ हो गया साथ ही धूप भी निकली। आंधी के दौरान नमनाकला स्थित चर्च के पास रिंगरोड पर एक विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने के कारण आवागमन में मामूली बाधा आई शहर के अन्य स्थानों पर भी आंधी से पेड़ों की डालें टूटने की सूचना है। शुक्रवार को हुई 10 मिनट की बारिश में ही प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में पानी भर गया है जिससे यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**आगामी दो दिनों तक प्रभावी रहेगा विक्षोभ**



बारिश के दौरान गांधी चौक।

### एक घंटे की मूसलाधार बारिश से प्रतापपुर तरबतर, आंधी से गिरे पेड़



प्रतापपुर। शुक्रवार की दोपहर अचानक मौसम के बदनले तथा तेज आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने महज एक घंटे में ही प्रतापपुर क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं, से कई जगह पेड़ गिर गए जबकि शहर में लगे बैनर व फ्लेक्स उड़ गए। अचानक हुई बारिश के तथा पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। दोपहर में अचानक हुई बारिश इतनी तेज थी कि मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक पानी भर गया। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक बारिश से बाजारों में भी भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग दुकानों व छज्जों के नीचे शरण लेते नजर आए। तेज आंधी के चलते कई छोटे-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे रास्ते अवरुद्ध हो गए। कुछ स्थानों पर बिजली के खंभों और तारों को भी नुकसान पहुंचने से विद्युत आपूर्ति बाधित रही। दुकानों के सामने लगे बैनर, फ्लेक्स और त्रिपाल हवा में उड़ गए, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। इस दौरान हल्की ओलावृष्टि भी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि ऐसा लग रहा था मानो सब कुछ अपने साथ उड़ा ले जाएगी। अचानक आए इस तूफान ने लोगों को दहशत में डाल दिया। बारिश और तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा। पूरे क्षेत्र में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों और नगर वासियों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। बिजली बाधित होने से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। घरों में अंधेरा छा गया, वहीं पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई, क्योंकि मोटर पंप नहीं चल सके। खेतों में लगी मौसमी सब्जियों और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। तेज हवाओं के कारण कई फसलें झुक गईं या टूट गईं, जबकि बारिश से खेतों में पानी भर गया।

# प्रभारी सचिव प्रसन्ना की अध्यक्षता में कृषि समीक्षा बैठक



**सूरजपुर।** जिले के प्रभारी सचिव सीआर प्रसन्ना की अध्यक्षता में जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विषय पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

■ खाद-बीज की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

बैठक में पूर्व वर्षों में उर्वरकों की मांग और आपूर्ति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली गई तथा वर्तमान खाद भंडारण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले में गुणवत्ता युक्त खाद एवं बीज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रासायनिक उर्वरक का पर्याप्त भंडारण किया जाए और रैक पॉइंट से आवंटित खाद का जिले में समय पर भंडारण सुनिश्चित हो। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समितियों में भंडारण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जाए। खाद एवं बीज निरीक्षकों द्वारा बीज व खाद दुकानों तथा समितियों का नियमित भौतिक निरीक्षण किया जाए, ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी जैसी स्थिति पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि खाद का वितरण नियमानुसार हो और केवल पात्र किसानों को ही खाद व बीज उपलब्ध कराया जाए। जिसके लिये उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्ययोजना बनाने और क्रियान्वन की बात कही। बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र शर्मा, एसडीएम अजय मोड़यिम, उपसंचालक कृषि सम्पदा पैकरा सहित कृषि विभाग से सम्बद्ध अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वृद्ध आश्रम में घुसकर पति ने पत्नी पर किया तलवार से हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



घायल महिला।



आरोपी पति।

प्रताड़ना और मारपीट से तंग आकर वृद्धाआश्रम में रहने आई महिला का पति ने यहां भी पीछा नहीं छोड़ा। पति ने वृद्धा आश्रम में घुसकर पत्नी से गाली गलौज और मारपीट की। इस दौरान अपने साथ लाए धारदार तलवार से आरोपी ने पत्नी पर हमला कर दिया। इस दौरान महिला के बाएं कंधे, गाल, गर्दन में चोट आई है। इस घटना के बाद वृद्धा आश्रम में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

बताया जा रहा है कि भैयाथान अंतर्गत चेन्द्रा के पलमा निवासी जीवन लाल सोनी आए दिन अपनी पत्नी से गाली गलौज और मारपीट करता था। आए दिन होने वाली मारपीट और गाली गलौज से तंग आकर महिला ने पति से अलग रहने का निर्णय लिया और घर छोड़कर निकल गई। महिला सूरजपुर के तिलसिवां स्थति स्नेह संबल वृद्धा आश्रम में रह रही थी। पुलिस के अनुसार 27 मार्च को महिला का पति जीवन लाल सोनी उससे मिलने के नाम पर आया था। जीवन लाल सोनी ने महिला से कहा कि वह अब उसके साथ मारपीट नहीं करेगा। आरोपी ने पत्नी को घर चलने के लिए दबाव बनाया। जब महिला ने घर जाने से मना कर दिया तो आरोपी जीवन लाल सोनी आक्रोशित हो गया और गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार तलवार को निकाल लिया। आरोपी ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे महिला के बाएं कंधे, गाल और गर्दन के समीप चोट आई है। इस दौरान वृद्धा आश्रम में मौजूद अधीक्षिका पायल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अम्बेवती सहित अन्य लोगों ने बीच बचाव कर महिला की जान बचाई। इस घटना के बाद वृद्धा आश्रम में भी दहशत का माहौल निर्मित हो गया। वृद्धा आश्रम प्रबंधन ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है इसके साथ ही आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी जीवन लाल सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 296(बी), 351(3), 115(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और घटना की जांच चल रही है।

# कमीशन मांगने और प्रताड़ना से तंग आकर ठेकेदार ने दी आत्मदाह की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदारों की हालत अब दयनीय हो गई है। आलम यह है कि विभाग के आला अधिकारियों की मनमानी और लापरवाही के कारण अब ठेकेदार आत्महत्या करने को मजबूर है।

जिले में भी एक ठेकेदार ने जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण होने के बाद भी भुगतान नहीं होने के कारण आत्मदाह करने का निर्णय लिया है और इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इधर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मामले की जांच के निर्देश दिए है और लापरवाह अधिकारी के खिलाफ नोटिस जारी किया जा रहा है। पीएचई विभाग में काम करने वाले ठेकेदार रजनीकांत अग्रवाल से 27 मार्च को कलेक्टर सरगुजा के नाम ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि उसके द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खंड अंबिकापुर में जल जीवन मिशन का कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत किया गया निर्माण कार्य एक साल पहले ही पूर्ण कर लिया गया है इसके बाद भी विभाग द्वारा भुगतान के नाम पर टाल-मटोल किया जा रहा है। काम पूर्ण होने के बाद भी लगातार परेशान किए जाने से ठेकेदार की आर्थिक और मानसिक स्थित दयनीय होती जा रही है। आरोप है कि विभाग द्वारा उन्हें लगातार प्रताड़ित करते हुए राशि के भुगतान की कार्रवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा किए गए 65 लाख रूपए के काम के एवज में सिर्फ 22 लाख रूपए का भुगतान किया गया है जबकि काम पूर्ण हुए एक वर्ष का समय बीत गया। उन्होंने पीएचई के उप अभियंता धर्मेंद्र सिंह पर कमीशन मांगने और कमीशन नहीं देने पर ब्लैक मेलिंग का आरोप भी लगया है।

**पानी सप्लाई फिर भी रोका भुगतान**

ठेकेदार रजनीकांत अग्रवाल का कहना है कि उनके द्वारा 65 लाख रूपए की लागत से लखनपुर विकासखंड के जुड़वानी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार किया गया और नल कनेक्शन दिए गए। छह माह से उक्त टंकी से पानी सप्लाई का काम भी चल रहा है लेकिन इसके बाद भी बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उस क्षेत्र के उप अभियंता द्वारा कई ठेकेदारों को परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बाद भी बिल का भुगतान नहीं किया गया।

# राम मंदिर में भये प्रकट कृपाला, दीन दयाला...



**अम्बिकापुर।** चैत्र रामनवमी के अवसर पर राममंदिर में भगवान राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान राम का पुरूष सुक्त के मंत्रों से कलश जल से अभिषेक किया गया तथा पुरूष सुक्त एवं श्री सुक्त के मंत्रों से षोडशोपचार पूजा कर धातु की श्रीराम जानकी की छोटी प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित किया गया। राम मंदिर में शुक्रवार को भगवान राम के जन्मोत्सव पर कल्याण सेवा आश्रम एवं श्रीराम मंदिर के महंत प्रणवमुनि के निर्देशन में विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए। सुबह 10 बजे आचार्य दिनेश मिश्र एवं शिव पाण्डेय ने पुरूष सुक्त एवं श्री सुक्त के मंत्रों से भगवान राम एवं जानकी का जलाभिषेक कराया तथा षोडशोपचार पूजा कर गर्भगृह में धातु की प्रतिमा की स्थापना कराई। गर्भगृह में राम-जानकी की प्रतिमा स्थापित करने के उपरांत दुर्गा सप्तशती के रात्रि सुक्त के पाठकर ध्वज की स्थापना की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिटिया के शादी...

कई नामचीन हस्तियों के जुटने की संभावना है। दिल्ली यात्रा के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, छग प्रभारी नितिन नबीन सहित कई केन्द्रीय मंत्रियों और भाजपा के दिग्गज नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। वे व्यक्तिगत रूप से सभी वरिष्ठ नेताओं को शादी का कार्ड देकर आमंत्रित करेंगे।

### कायाकल्प योजना से...

ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इन सुविधाओं के शुरू होने से सोनहत और आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की जरूरत कम हो गई है।

### पेट्रोलियम और गैस...

अनुसार ही रिफिल बुकिंग कराने की सलाह दी गई है। नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतराल तय किया गया है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। व्यावसायिक एलपीजी उपयोग को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। बिना लाइसेंस 100 किलोग्राम से अधिक गैस भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# एआई विषय पर संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर




संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़, वीतराग रिसर्च फाउंडेशन रायपुर, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस गरियाबंद, आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय महेंद्रगढ़ तथा केबी पटेल शिक्षा महाविद्यालय सरभोका (एमसीबी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमीनार में फ्रॉम सॉफ्ट स्कूल टू रियल स्किलः रीबील्डिंग एजुकेशन फ्यूचर इन दी एआई एरा ए मल्टीडिसिप्लिएरी प्रेस्पेक्टिव विषय पर रखा गया।

इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार में कुल 878 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। कुल 112 शोधपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 76 शोधपत्र प्रकाशित हुए तथा 83 शोधपत्रों का सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसजीजीयू के कुलपति प्रो. डॉ. राजेंद्र लाकपाले तथा ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में जनजातीय गौरव समाज के प्रदेश मंत्री राम लखन सिंह पैंकरा, पार्षद आलोक दुबे, एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, पार्षद मनोज गुप्ता, मंगल पांडेय, सुश्री वंदना दत्ता, गायत्री परिवार से अमृता जायसवाल शामिल हुई।

वहीं सेमिनार में वीतराग रिसर्च फाउंडेशन रायपुरसे चेयरपर्सन डॉ. दिव्या शर्मा, वीतराग रिसर्च फाउंडेशन एवं मनोविज्ञान विभाग सलाहकार मंडल सदस्य डॉ. रोली तिवारी, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस गरियाबंद के डायरेक्टर राजीव गुप्ता, मैट्स यूनिवर्सिटी से प्रो. संगीता श्रॉफ, वीतराग विश्वास फाउंडेशन से श्रीमती भावना क्षत्रिय सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजन सिंह ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह पहला अंतरराष्ट्रीय सेमिनार है, जिसका उद्देश्य शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा देना है। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजेंद्र लाकपाले ने कहा कि एआई शिक्षा को सरल और आधुनिक बना सकता है।







